an>

Title: Need to open a branch of Nationalised Bank at Bilhara in Sagar district, Madhya Pradesh.

श्री लक्ष्मी नारायण यादव (सागर) : मेरे लोक सभा क्षेत्र में सागर जिले का गांव बिलहरा राजा लगभग 15 हजार की आबादी का ग्राम है तथा इसके आसपास लगभग 1 लाख की आबादी निवास करती है। इस समय सरकार जनधन तथा डी.बी.टी. जैसी प्रक्रिया को लागू कर रही है जिसमें सभी शासकीय योजनाओं की सब्सिडी उनके बैंक खातों में जमा होगी। परंतु बिलहरा में एक भी सरकारी (राष्ट्रीय) बैंक नहीं है जिससे लोगों को अपने बैंक संबंधी कार्यों के लिए 30-40 किलोमीटर जाना पड़ता है।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि वह बिलहरा में एक राष्ट्रीय बैंक खोले जाने का निर्देश दें।